मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल 462003 (म.प्र.) भारत
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
Maulana Azad National Institute of Technology Bhopal 462003(M.P.)India
(An Institution of National Importance, under Ministry of Education, Govt. of India)

क्रमांक / स्था. / राजभाषा / 2025 / 78 दिनांक : 16 / 01 / 2026

## // परिपत्र //

भारत शासन की राजभाषा नीति के अनुपालन में संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही (01.10.2025 से 31.12.2025) बैठक दिनांक 29.12.2025 को निदेशक कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई थी। सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है। कृपया सभी विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष एवं शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक अधिकारी / कर्मचारी उनसे संबंधित राजभाषा हेतु लिये गये निर्णयों का पालन सुनिश्चित करें।

**संलग्न** : कार्यवृत्त।

गौरव द्विवेदी 16/01/26
संयोजक राजभाषा

**प्रतिलिपिः**

1. समस्त संकायाध्यक्ष।
2. समस्त विभागाध्यक्ष।
3. समस्त अनुभागीय अधिकारी / प्रभारी।

} को अधीनस्थ शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु।

4. डॉ सविता दीक्षित, प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग एवं परामर्शदात्री राजभाषा समिति, मेनिट भोपाल।
5. प्रभारी, वेबसाइट अपलोड हेतु।
6. निज सहायक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
7. निज सहायक निदेशक, निदेशक महोदय को सूचनार्थ।

# मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल

क्रमांक स्था./राजभाषा/2025/78 दिनांक : 16/01/2026

**// बैठक के कार्यवृत्त //**

संस्थान में भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन एवं कार्य के क्रियान्वयन के संबंध में संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही (01.10.2025 से 31.12.2025 तक) की बैठक दिनांक 29.12.2025 को हुई। संस्थान द्वारा हिन्दी में कार्य प्रगति पर संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष (निदेशक) महोदय द्वारा चर्चा की गई :–

समिति द्वारा की गई चर्चा में निम्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर निष्कर्ष निकाला है जिन पर राजभाषा नीति के अनुसार कार्यवाही अपेक्षित है : –

1. संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक द्वारा समस्त समिति सदस्यों का स्वागत किया गया एवं पिछली बैठक के कार्यवृत पर कार्यवाही प्रकाश डाला गया और आदरणीय निदेशक महोदय द्वारा इसकी समीक्षा की गई।
2. सभी विभागाध्यक्षों/संकायाध्यक्षों को उनके विभाग में यदि हिन्दी का सुविचार लिखा जा रहा है तो लिखने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों को पारितोषिक के स्थान पर प्रशंसा पत्र दिया जाए।
3. संस्थान के उप–पुस्तकालयाध्यक्ष महोदय ने इस तिमाही में हुई "कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य का पोषण" विषय पर पुस्तकालय अनुभाग में आयोजित कार्यशाला की मुख्य बातें बतायीं एवं निदेशक महोदय ने इसकी प्रशंसा की।
4. निदेशक महोदय ने प्रो. सविता दीक्षित को जनवरी 2026 माह में सभी के लिए एक कार्यशाला आयोजित करने को कहा।
5. संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की परामर्शदात्री प्रो. सविता दीक्षित के द्वारा क्षितिज पत्रिका के द्वितीय अंक तैयार होने की जानकारी दी गयी एवं निदेशक महोदय ने इस पत्रिका की 100 प्रतियां छपवाने की सलाह दी। तथा ई–मेल के द्वारा इस पत्रिका की सॉफ्टकॉपी समस्त NITs में भेजने को कहा।
6. निदेशक महोदय ने सभागार में उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों से हिन्दी में लेख लिखने के लिए प्रोत्साहित किया।

गौरव द्विवेदी सविता

7. 8–9 जनवरी 2026 को संस्थान के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाले सम्मेलन / कार्यशाला में एक सत्र हिन्दी में समर्पित होगा।
8. संयोजक राजभाषा द्वारा बताया गया कि ऑफलाइन मोड पर संस्थान में हिन्दी भाषा का उपयोग अच्छी तरह से हो रहा है लेकिन समर्थ पोर्टल पर हिन्दी के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता है। निदेशक महोदय द्वारा समस्त संबंधितों को समर्थ पोर्टल पर भी हिन्दी का उपयोग करने को कहा गया।
9. अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से निम्नतम एक शोध पत्र हिन्दी में पढ़ा जाए।
10. बैठक के अंत में संस्थान की राजभाषा समिति की परामर्शदात्री प्रो. सविता दीक्षित के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

गौरव द्विवेदी
उप-कुलसचिव (स्था.)
संयोजक, राजभाषा

सविता
परामर्शदात्री, राजभाषा

कुलसचिव
उपाध्यक्ष, राजभाषा

निदेशक
अध्यक्ष, राजभाषा